**बिहार सरकार**

**सहकारिता विभाग**

**अधिसूचना**

पटना / दिनांक 28/08/2025

सं०सं०–01 / रा०स्था०(एम०ए०सी०पी०)–67 / 2025 सह० 4440 बिहार राज्य कर्मचारी सेवा शर्त्त ''रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना, 2010'' के प्रावधानों के तहत बिहार सहकारिता अंकेक्षण सेवा संवर्ग के निम्न पदाधिकारियों को स्तम्भ–04 में अंकित तिथि से लेवल–12 में द्वितीय रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

| क्रमांक | पदाधिकारी का नाम / सिविल लिस्ट क्रमांक | वर्तमान पदस्थापन | द्वितीय रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन अनुमान्यता की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्रीमती अनिता कुमारी, 07 / 24 | उप मुख्य अंकेक्षक, स०स०, मगध एवं पटना प्रमंडल, पटना। | 05.05.2025 |
| 2 | श्री धनंजय कुमार, 08 / 24 | उप मुख्य अंकेक्षक, स०स०, बिहार, पटना। | 07.05.2025 |
| 3 | श्री बैद्यनाथ राय, 09 / 24 | उप मुख्य अंकेक्षक, स०स०, बिस्कोमान, पटना। | 06.05.2025 |

2. वित्तीय उन्नयन के फलस्वरूप पदाधिकारियों का वेतन निर्धारण रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्ननयन योजना नियमावली, 2010 के नियम परिशिष्ट–I के प्रावधानों एवं समय–समय पर इस सम्बंध में वित्त विभाग द्वारा निर्गत अनुदेशों के अनुरूप किया जायेगा।

3. गैर संवर्गीय / बाह्य सेवा शर्त्तों / सहकारी संस्थाओं में पदस्थापन अवधि का एम०ए०सी०पी० लाभ स्वीकृति के फलस्वरूप बकाया राशि का भुगतान सम्बंधित संस्थाओं द्वारा किया जायेगा।

4. रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना का लाभ स्वीकृति में किसी कारणों से भविष्य में संशोधन की आवश्यकता होने पर सम्बंधित पदाधिकारी को स्वीकृत लाभ से सम्बंधित अधिसूचना को रद्द / संशोधित किया जा सकेगा तथा उन्हें भुगतान की गयी अधिक राशि की वसूली / प्रतिपूर्ति की जा सकेगी।

5. इसमें माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह० / –

(स्मृति कुमारी)

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक ........................................ / पटना, दिनांक ........................................

01 / रा०स्था०(एम०ए०सी०पी०)–67 / 2025 सह०

प्रतिलिपि:– महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार, पटना / वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना / सम्बंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना नियमावली के अधीन निर्धारित सुसंगत प्रावधानों के अनुसार जाँच कर यथा अनुमान्य वेतन पुर्जा / वेतन आदेयता निर्गत किया जाय।

ह० / –

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक 4440 /पटना, दिनांक 28/08/2025

प्रतिलिपिः— माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आशुलिपिक/निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/अपर सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/सभी संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ (प्रशासनिक एवं अंकेक्षण), बिहार/सभी सम्बंधित पदाधिकारी/विभागीय आई०टी० मैनेजर को ई–मेल एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/8/25

सरकार के उप सचिव।

28.08.2025